तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 18 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 सादगी व हर्षोल्लास के साथ गले मिलकर ...



12 भारतमाला परियोजना से खतरे में मूर्तिकारों ...



## खबर संक्षेप

### राशन कार्डधारी 30 तक करा सकेंगे ई- केवाइसी



**बालोद।** राशन कार्डधारियों का ई– केवाईसी और नवीनीकरण के लिए राज्य स्तरीय अधिकारियों की बैठक के बाद सामान्य श्रेणी, एपीएल प्राथमिकता और अंत्योदय राशनकार्ड के शेष बचे हुए हितग्राहियों को 30 जून तक ई– केवाईसी व नवीनीकरण पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। ई केवाईसी के लिए शेष बचे हुए हितग्राही को शासकीय उचित मूल्य दुकान में अपने राशनकार्ड के सभी सदस्यों का ईकेवाईसी आवश्यक रूप से किया जाना है। नवीनीकरण के लिए शेष बचे हुए राशनकार्ड धारियों को एंड्रॉयड मोबाइल फोन पर लिंक डाउनलोड कर या शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचकर राशनकार्ड का नवीनीकरण करना होगा।

### सहकारी समिति कर्मचारी संघ का धरना-प्रदर्शन आज

**बालोद।** सहकारी समिति कर्मचारी संघ के आव्हान पर जिले के कर्मचारी भी 18 जून को हड़ताल पर रहेंगे। सभी कर्मचारी इस दौरान रायपुर में होने वाले धरना प्रदर्शन में भाग लेने रायपुर जाएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी समिति कर्मचारी संघ रायपुर के आव्हान में पूरे प्रदेश के 2058 कृषक सेवा सहकारी समिति में कार्यरत समस्त कर्मचारी समिति प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, लेखापाल, लिपिक सह कम्प्यूटर आपरेटर, लेखापाल, विक्रेता, चौकीदार, भृत्य अपनी 3 सूत्रीय मांगों की समर्थन में बूढ़ा तालाब रायपुर में 18 जून को एक दिवसीय रैली, धरना देकर मुख्यमंत्री, खाद्य मंत्री एवं सहकारिता मंत्री को महारैली के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रदेश संघ के आव्हान पर अपनी तीन सूत्रीय मांगों की समर्थन में जिला बालोद के सभी 122 कृषक सेवा सहकारी समितियों में कार्यरत समस्त कर्मचारी समिति रायपुर जाएंगे। इस कारण 18 जून को जिले के सभी 122 समितियां पूर्णतः बंद रहेगी।

### आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन आज से

**गुण्डरदेही।** स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही में प्रथम चरण लॉटरी से चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश पश्चात शेष रिक्त सीटों के लिए आवेदन लिए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त निर्देशानुसार पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण किया जा रहा है। इच्छुक आवेदक 18 से 25 जून तक विद्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं रिक्त सीटों की जानकारी विद्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

# स्कूल खुलने से पहले बसों का निरीक्षण, तीन का फिटनेस सर्टिफिकेट की वैधता समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले में संचालित स्कूल बसों का निरीक्षण शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले किया गया। जिला परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के द्वारा किया गया।

इस निरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। बसों की तकनीकी स्थिति, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, और ड्राइवरों के लाइसेंस और स्वास्थ्य विभाग द्वारा वाहन के चालकों एवं परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान बसों की ब्रेक, टायर, लाइटिंग सिस्टम और इमरजेंसी एग्जिट की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया गया। साथ ही, फर्स्ट ऐड किट और अग्निशामक यंत्रों की उपलब्धता को भी सुनिश्चित किया गया। ड्राइवरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें उन्हें यातायात नियमों और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के बारे में जानकारी दी गई।

जिला परिवहन अधिकारी अरविंद भगत ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कुल 95 वाहन कार्यालय में उपस्थित हुए। सभी 95 वाहनों में प्राथमिक चिकित्सा पेटी पायी गई। 91 वाहनों में अग्नि शमन यंत्र पाया गया। सभी 95 वाहनों में स्पीड गवर्नर पिट पाए गए। 92 वाहनों में फिटनेस सर्टिफिकेट वैध ▸▸ शेष पेज 13 पर

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा 33 वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया




#### बसों में मिली मामूली खामियां

इस बार निरीक्षण में कुछ बसों में मामूली खामियाँ पाई गईं, जिन्हें तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। जो बसें मानकों पर खरी नहीं उतरीं, उन्हें सेवा से बाहर कर दिया गया है। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। निरीक्षण अभियान के सफल समापन के बाद, अब सभी स्कूल बसें नए शिक्षा सत्र के लिए तैयार हैं, और प्रशासन ने विश्वास दिलाया है कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहेगी। जिन वाहनों में कमी पाई गई एवं जो वाहन किसी कारणवश प्रस्तुत नहीं किए जा सके उन्हें एक हफ्ते के अंदर सुधार कर जिला परिवहन कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया।

### आक्रोश: मुआवजे की आस में भटक रहे किसानों ने दी कार्य रोकने की चेतावनी

# प्राकृतिक गैस की पाइप लाइन बिछाने से प्रभावित 12 से अधिक गांवों के सैकड़ों अन्नदाता हुए बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

कृषि प्रधान बेमेतरा जिला के सीमावर्ती गाँवों में इन दिनों शासन-प्रशासन की योजना के कारण सैकड़ों किसान परेशान एवं आक्रोशित है। दरअसल बेरला ब्लाक के भिम्भौरी तहसील के मुख्यालय, नगर पंचायत भिम्भौरी के साथ आसपास के ग्राम पिरदा, उफरा, ढाबा, गबदा, मुर्रा, सिलघट गुधेली सहित करीब दर्जनभर गाँव में सालभर पूर्व से गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड नई दिल्ली द्वारा प्राकृतिक गैस के पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। इस दौरान प्रभावित गाँवों में किसानों की खेतो में बेतरतीब ढंग से खुदाई कर जमीन एवं फसल को भारी नुकसान पहुंचाया गया है।

- बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

फसल क्षतिपूर्ति एवं जमीन मुआवजे के नाम पर सम्बन्धित एजेंसी द्वारा मनमानी किया जा रहा है। घटनाक्रम से पीड़ति किसानों में असंतोष बढ़ने से ग्रामीण स्तर बैठक हो रही है, जिसमें प्रशासन को ज्ञापन देकर कार्य रुकवाने की बात कही जा रही है।



इस सम्बंध में भिम्भौरी तहसीलदार सरिता मधरिया द्वारा स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। नगर पंचायत भिम्भौरी के सीएमओ रमेश कुमार ध्रुव ने बताया कि उनके कार्यालय में किसी प्रकार की अनुमति इस सम्बंध में नहीं ली गई है। वही पूर्व विलोपित ग्राम पंचायत भिम्भौरी एवं कण्डरका व गुधेली पंचायत के सचिव कमलेश्वर देशलहरे ने बताया कि उनके कार्यकाल में तीनों पंचायत बॉडी को भी अभी तक कार्य की जानकारी नहीं दी गई है जो कि बड़ा गम्भीर मामला है।

दरअसल भिम्भौरी क्षेत्र के प्रभावित गाँवों के अन्नदाता किसानों का कहना है कि सालभर से इस सरकारी कार्य के चलते वे ठीक से खेतीबाड़ी का कार्य नहीं कर पा रहे है। कृषक परिवारों को सीजन में काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। चूंकि कार्य के पहले प्रभावित पंचायत प्रशासन को जानकारी नहीं दिया गया है। पीड़ति किसानों से अनुमति लेने के पश्चात तय की गई आधार पर मुआवजा राशि का वितरण नहीं किया जा रहा है। समय व किश्तों में भी गड़बड़ी की जा रही है बार-बार पूछने पर शेष राशि बाद में देने की बात कर गुमराह किया जा रहा है। जिसके लिए वे न्याय की आस में एसडीएम -तहसील व अन्य सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर है। साथ ही पाइप के लिए खोदे गए गड्ढे पर ठीक से मिट्टी फिलिंग नहीं किया गया है। जिससे असमतल भूमि पर किसान फसल नहीं उगा पा रहे है तो कई स्वयं के पैसे खर्च कर पाइपलाइन से खेतों की बिगड़ी स्थिति सुधारने को मजबूर है। फलस्वरूप प्रभावित क्षेत्र के सैकड़ों किसान इन दिनों लामबन्द होकर कार्य रोकने के लिए बाध्य होते नजर आ रहे है उनका कहना है कि मुआवजा की राशि व समय स्पष्ट हो तभी गैस पाइपलाइन के एजेंसी को कार्य करने दिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक भारत सरकार के पेट्रोलियम और खनिज मंत्रालय द्वारा मुंबई से नागपुर फिर नागपुर से झारसुगुड़ा तक प्राकृतिक गैस के पाइपलाइन बिछाने का कार्य इन दिनों सतत जारी है। इस पाइपलाइन विस्तार से बेमेतरा ज़िला अंतर्गत बेरला विकासखण्ड व भिम्भौरी तहसील के करीब दर्जनभर गाँव के सैकड़ों किसान प्रभावित होने पर एजेंसी की मनमानव कार्यशैली से क्षेत्र के अन्नदाता किसान खासे नाराज है।

#### प्रभावित दर्जनभर गांव के सैकड़ों पीड़ित किसान लामबंद

फिलहाल बेरला विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढाबा के विद्याकुमार परगनिहा, किशोर दुबे, श्यामलाल साहू, मोहित निषाद, खेमलाल, आर्य समाज, गुहन निषाद, मोहन, घसिया, देवीलाल, चन्द्रकान्त बांधे, दुकल्हा निषाद, नारायण निषाद, कमलेश्वर देशलहरे, बीरबल निषाद, मुकेश यादव, मंजू चौहान, लिखराम वर्मा, बसावन निषाद इत्यादि ग्रामीण प्रशासन के सुस्त रवैये एवं एजेंसी के मनमानी से परेशान है। जबकि पिरदा गाँव के कार्तिक साहू, आत्माराम टिकरिहा, मन्गतीन ध्रुव, मनोहर साहू, सेवकराम साहू ▸▸ शेष पेज 13 पर

# जिले में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बलौदाबाजार में घटित उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ 18 जून को प्रदेश के समस्त जिलों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

जिले कांग्रेस जन आज 18 जून मंगलवार सुबह 11 बजे से जिला मुख्यालय के पुराना बस स्टैण्ड, हनुमान मंदिर के पास एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसकी तैयारी का जायजा लेने जिला प्रभारी व पूर्व विधायक दुर्ग अरुण वोरा, बेमेतरा पूर्व विधायक कार्यालय पहुंचे जहां पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंसी पटेल, शहर अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी की मौजूदगी में बैठक ली। इस दौरान वोरा ने कहा राज्य की भाजपा सरकार की लापरवाही और नाकामी का परिणाम है बलौदाबाजार की घटना जब 15 मई को घटना घटी हुई थी उसी समय कंट्रोल किया जा सकता था लेकिन सरकार ने ध्यान नहीं दिया, देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है की कलेक्टर और एसपी कार्यालय को एक साथ जला दिया गया। यह घटना राज्य के कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती है, राज्य की साय सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदाबाजार में कानून व्यवस्था बिगड़ी यदि समय रहते जैतखाम को क्षति पहुंचाने वाले पर कार्यवाही की गई होती और आहत समाज से संवाद किया गया होता तो ऐसे अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत, जोगिंदर छाबड़ा, ललित विष्कर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, रवि परगनिया अध्यक्ष ▸▸ शेष पेज 13 पर

# कराते चैंपियनशिप में जिले के बच्चों ने दिखाए जौहर, 600 भाग लिया




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ ओपन स्टेट कराटे चैंपियनशिप छत्तीसगढ़ फीनिक्स शीतो र्यु कराटे एसोसिएशन ने 2 दिवसीय ओपन कराटे चैंपियंस शिप महिला महाविद्यालय 9 सेक्टर भिलाई में आयोजित किया गया।

जिसमें बेमेतरा जिले सहित रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग राजनांदगांव, बस्तर, धमतरी जिले से लगभग 600 बच्चों ने भाग लिया और मेडल के लिए अपने जौहर दिखाए। जिसमें बेमेतरा जिले दस बच्चों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल अपने नाम किया। बेमेतरा जिले के मेडलिस्ट बच्चों में अंशु कौशले, नव्य मार्कण्डेय, राधिका रात्रे, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय से प्रिया यदु, बेसिक स्कूल दिव्या देहरे, हाई स्कूल बालसमुंद होमेश्वर सिन्हा, नीरज दास इंडियन पब्लिक स्कूल दिशा शर्मा, आर्यन स्वामी आत्मानंद से अपना शानदार प्रदर्शन किया। सभी मेडलिस्ट बच्चों को सचिव अजय वर्मा, उपेंद्र, मृत्युंजय, कोच दीपांकर भारती, सीजी कराटे संघ सचिव अमल तालुकदार, वर्किंग प्रेसिडेंट बी नायडू ने शुभकामनाएं दी।

# मानव जीवन सत्संग के बिना है व्यर्थ: छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पीपरभठ्ठा में आयोजित श्री सद्गुरु कबीर प्राकट्य उत्सव एवं कबीर सामुदायिक भवन लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्यअतिथी के रूप में क्षेत्र के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए ।

- पीपरभठ्ठा में श्री सद्गुरु कबीर प्राकट्य उत्सव एवं कबीर सामुदायिक भवन लोकार्पण समारोह

पूर्व विधायक श्री छाबड़ा ने सर्वप्रथम सदगुरू कबीर साहब के चरणों के पुष्प अर्पित कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात 3 लाख रुपए की लागत से निर्मित कबीर सामुदायिक भवन का फीता काट कर लोकार्पण किया।



इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री छाबड़ा ने कहा कि पूर्व में कार्यक्रम में आना हुआ था।

आप सभी की मांग थी एक बढ़िया कबीर सामुदायिक भवन का निर्माण होना चाहिए। उसके लिए जब विधायक था तो 3 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान किया था, आज कबीर सामुदायिक भवन बनकर तैयार हैं। जिसका आज हम सभी ने फीता काट लोकार्पण किए है । आगे उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सत्संग के बिना मानव जीवन व्यर्थ है, वही श्री सद्गुरु कबीर साहब ने बताए हैं कि हरि भजन, साधु संगत, दया, दीन, उपकार जीवन मे पांच अनमोल रत्न हैं ये गुण हर मानव में होना चाहिए। पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनिनाम साहब के बताए सत्य के मार्ग मे चल के हम सभी को अपने मानव जीवन को सफल बनाना है। सद्गुरू कबीर साहब ने मानव जाति के कल्याण के लिए सत्य का मार्ग दिखाया और सद्मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में लुकेष वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, हरीश साहू पूर्व जनपद सदस्य, मनोज शर्मा पार्षद, रावेंद्र वर्मा सरपंच, खोरबहरा साहू, ललित साहू, गोविन्द वर्मा, संदीप साहू,संतोष साहू,विशाल साहू, फेरहा साहू, बुधारू रजक,कुशाल वर्मा,विश्राम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### मौसम ने ली करवट गिरा पानी

**डौंडीलोहारा।** मानसून की लुकाछुपी के बीच अभी भी लोगों को भारी गर्मी से दो चार होना पड़ रहा है। कृषि कार्य में तेजी के लिए किसानों को मानसून का बेसब्री से इंतजार है, लेकिन मानसून का अता पता नहीं है। कई किसानों ने प्री मानसून में हुई वर्षा के चलते बुवाई कार्य प्रारंभ कर दिया है। सोमवार को एकाएक मौसम में करवट बदलते हुए 1 घंटे बारिश हुई, लेकिन यह भी कहीं-कहीं हुई है। भीषण गर्मी के बीच बारिश होने के कारण लोगों को उमसभरी गर्मी ने बेचैन कर दिया है। पंखे कूलर ने काम करना बंद कर दिया हैं। बारिश होने की वजह से कीड़े मकोड़ों का प्रकोप भी बढ़ गया है।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

### योग दिवस के पहले सभी तैयारी पूर्ण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

# कृषि उपज मंडी में होगा योग दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टरेट के दृष्टि सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने योग दिवस के तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिले में योग दिवस 21 जून को जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में सुबह 7 बजे से 8 बजे के बीच आयोजित होगा। बैठक में उन्होंने कृषि उपज मंडी में आवश्यक बैठक व्यवस्था, विद्युत एवं सांउड व्यवस्था, पीएचई को पेयजल सहित अन्य विभाग अनुरूप कार्य, समाज कल्याण विभाग को स्वल्पाहार, स्वास्थ्य को स्वास्थ्य टीम, महिला एवं बाल विकास को आंगनबाड़ी सहायिका व कार्यकर्ता सहित किशोरी



बालिकाओं की उपस्थिति, नगरपालिका को परिसर की साफ-सफाई एवं टेंकर व्यवस्था एवं जनसंपर्क विभाग को प्रचार-प्रसार का दाइत्व दिया गया हैं । इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री टेकचंद अग्रवाल, सीएमएचओ सीएस चुरेंद्र, जनपद पंचायत के सीईओ, नगरीय निकाय के सीएमओ सहित संबंधित जिलाधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ श्री टेकचंद अग्रवाल को निर्देश दिए कि 21 जून के पहले मंडी में आवश्यक तैयारी पूर्ण लेवें । जिलाधीश ने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा की योग दिवस के दिन बेमेतरा विकास खंड के सारे शिक्षक उपस्थित होकर योग करेंगे साथ ही साथ महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जिला मुख्यालय के कोटवार भी शामिल होंगे। योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सीईओ जिला पंचायत को नोडल एवं सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग को सहायक नोडल नियुक्त किया गया हैं।

#### योग से शरीर स्वस्थ और होता है निरोग

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि योग दिवस में सबकी भागीदारी आवश्यक है और आमजन को भी यह संदेश पहुंचाया जाए कि योग से हमारा शरीर स्वस्थ और निरोग रखा जा सकता है, तभी हम देश के निर्माण और विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि योग दिवस मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब आम जनमानस में करें, योग करें निरोग का भाव समझते हुए लोग जीवन शैली में निरंतर प्रक्रिया के रूप में अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके प्रति लोगों को उत्साहित एवं प्रेरित किया जाए। ताकि लोग योगाभ्यास को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए निरंतर योग्य अभ्यास करें और अपना जीवन स्वस्थ एवं सुखी बनाएं।



## खबर संक्षेप

### राजस्व प्रकरणों के निपटारे में आई तेजी

**दुर्ग।** जिले में लोकसभा निर्वाचन की प्रक्रिया समाप्ति पश्चात राजस्व प्रकरणों के निपटारे में तेजी आई है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा राजस्व प्रकरणों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को अभियान चलाकर प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर करने के निर्देश दिए है। जिले में राजस्व अधिकारियों द्वारा राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, बटवारा, डायवर्सन एवं सीमांकन तथा लोक सेवा से प्राप्त प्रकरणों का नियमानुसार समय सीमा के भीतर निराकरण किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप समय-सीमा के बाहर के प्रकरणों की संख्या कम हुई है। अवगत कराया गया है कि आदर्श आचरण संहिता समाप्ति की तिथि 6 जून की स्थिति में नामांतरण, बटवारा, डायवर्सन एवं सीमांकन के कुल लंबित प्रकरण 8590 थे। जिसमें से केवल 373 प्रकरण समय सीमा के बाहर थे। वर्तमान में लंबित प्रकरण 8403 है। जिसमें से समय सीमा के बाहर केवल 134 प्रकरण है। शेष समय सीमा के भीतर के है। राजस्व अधिकारियों द्वारा अभियान चलाकर प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।

### पुनर्वास केन्द्र संचालन के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

**दुर्ग।** ऐसे भिक्षुक जिनके सम्मुख जीवनपर्यन्त आश्रय, देखरेख तथा सम्मानपूर्वक जीवनयापन की समस्या बनी रहती है, उनके लिए सामाजिक एवं भावनात्मक रुप से अनुकूल और संवेदनशील आश्रय सह संरक्षण प्रदान करने के लिए समाज कल्याण विभाग, जिला-दुर्ग द्वारा भिक्षुक पुनर्वास केन्द्र, क्षमता 50 भिक्षुक की स्थापना एवं संचालन हेतु संस्थाओं (शासकीय, अर्द्धशासकीय या पंजीकृत स्वयंसेवी संस्थाओं) से रुचि की अभिव्यक्ति के तहत प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। उपसंचालक समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसी संस्थाएं जो भिक्षुकों के क्षेत्र में कार्यरत वित्तीय रुप से सक्षम हो तथा भिक्षुक पुनर्वास केन्द्र के संचालन के इच्छुक हों, ऐसी संस्थाओं से कार्यालयीन समयावधि में रुचि की अभिव्यक्ति के तहत प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। भिक्षुक केन्द्र की स्थापना एवं संचालन हेतु इच्छुक संस्थाएं उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग, जिला दुर्ग में उपस्थित होकर आवेदन पत्र, नियम एवं शर्तें प्राप्त कर सकते हैं।

### सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत विकास कार्य हेतु 05 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। जानकारी के अनुसार पर पोटिया कला दुर्ग वार्ड क्र 54 के सतनाम पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

### योग दिवस पर पं. रविशंकर स्टेडियम में कार्यक्रम

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में 21 जून को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम पंडित रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में सुबह 6 बजे से 7 बजे के मध्य होगा। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक द्वारा जिलेवासियों को उपस्थित होने कहा गया है।

## शहर के सौन्दर्यीकरण पर लगा ग्रहण

**दुर्ग।** शहर में चौक चौराहों मे स्थित गार्डन इन दिनों बेजान हो गए है। गार्डनों का रखरखाव और सौन्दर्यीकरण नही किए जाने के कारण कई जगह जो पहले हरियाली थी, वो अब बेजान हो गए हे। स्टेडियम के सामने गार्डन में फैंसिंग कर निगम ने खानापूर्ति की है। वही कलेक्टोरेट के सामने गार्डन में खेलकूद की जगह छोटे हो गए है। यहां भी सौन्दर्यीकरण का अभाव है। पटेल चौक के पास तहसील कार्यालय के सामने पेड लगाने के लिए मानवा आकार के गमले ऐसा लग रहा है कि, मासूस होकर कुछ कह रहे है।


कलेक्टोरेट के सामने गार्डन की स्थिति।


रविशंकर स्टेडियम के सामने बूझी गार्डन की रौनक।


तहसील कार्यालय के सामने खाली पड़े मानवयुक्त गमले।

**अनसुनी मांग : सिक्सलेन से दो भागों में बंट रहा गांव, मूर्तिकारों की बढ़ी चिंता**

# भारतमाला परियोजना से खतरे में मूर्तिकारों का गढ़, चिंता में डूबे किसान

**जिला प्रशासन और एनएचआई लेआउट नहीं कर रही सार्वजनिक, किसान मांग पर अड़े**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राजनांदगांव के टेडेसरा से दुर्ग होकर रायपुर के आरंग तक बनने वाली सिक्सलेन को लेकर अफसरों द्वारा किसानों को पर्दे पर रखा गया है। किसानों के लगातार मांग किए जाने के बाद भी उन्हे न तो लेआउट दिखाया जा रहा है और न ही बनाए जा रहे ब्रिज की उंचाई को बढाया जा रहा है। इस मामले को लेकर दूसरी बार किसानों ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को ज्ञापन सौंपकर सुधार करने की मांग की है। अन्यथा किसानों ने आंदोलन की चेतावनी तक दे डाली हैं।

उल्लेखनीय हैं कि, दुर्ग का अंजोरा देशभर में यहां के मूर्तिकारों के नाम से विख्यात है। यहां पूरे बारह महिना मूर्ति बाहर भेजी जाती है। सिक्सलेन निर्माण से किसान बेहद खुश भी है। लेकिन बात यहां पर आकर अटक रही है कि, सिक्सलेन में बनाए जा रहे ब्रिज का निर्माण बेहद कम रखा गया है। जबकि यहां से निकलने वाले मूर्तियां बीस फीट तक होती है। जबकि मौके पर देखे तो बारह फीट अंडर ब्रिज बनाया गया है। इसे लेकर वहां के किसान और मूर्तिकार आपत्ति कर रहे है। एक ओर मूर्तिकार परेशान है, वही किसानों को लेकर भी इस बात की चिंता बढ गई है कि, किसानी कार्य के लिए हार्वेस्टर आदि कार्य के लिए उन्हें सिक्सलेन को लांघना होगा। राधेश्याम देशमुख ने बताया कि, मूर्ति के साथ ही यहां से हार्वेस्टर पार करने में परेशानी होगी। क्योकि हार्वेस्टर की उंचाई बनाए जा रहे ब्रिज से उंची है। एकजूट हुए किसानों की मांग है कि, उन्हें निर्माण एंजेसी द्वारा लेआउट की पूरी जानकारी दी जाए। सिक्सलेन बनने के बाद कहां पर कट होगा। और ब्रिज की उंचाई क्या होगी।


अंडरब्रिज की ऊंचाई रखी गई सिर्फ 12 फीट।



### ढाई हजार हेक्टेयर में बाढ़, डूब जाएगी फसल

किसानों ने कलेक्टर को सौंपे गए पत्र में लिखा हैं कि, शिवनाथ नदी नाले से 500 मीटर पहले कालम पद्धति से रोड का निर्माण शुरू किया जाए। किसानों ने बताया कि, बारिश में शिवनाथ नदी ग्राम थनौद, बिरेझर व चंगोरी तक बाढ प्रभावित इलाका है। किसानों का कहना है कि, सडक का निर्माण शिवनाथ नदी तट से शुरू किया जा रहा है। किसानों का मांग हैं कि शुरूआत के पांच सौ मीटर में कालम पध्दति से निर्माण किया जाए। लेकिन यहां मिट्टी डाला जा रहा है। ऐसे में 25 हजार हेकटेयर पर खतरा रहेगा। ऐसे में बाढ के दौरान सडक का कटाव होकर बाढ का पानी खेतों की फसल बर्बाद कर देगा। ऐसे में किसानों ने नदी से शुरू होने वाले सिक्सलेन का निर्माण सीमेंट के कालम पद्धति से किए जाने की मांग की है, जो सही है। किसानों का कहना हैं कि, अंडरब्रिज की उंचाई कम हैं, जिससे बाढ क पानी खेत में भर जाएगा।

### सिक्सलेन में कट का प्रावधान नहीं

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा तैयार किए जा रहे सिक्सलेन में कट का प्रावधान नही होना बता रहे है। मूर्तिकार राधे देशमुख ने बताया कि, अफसर कह रहे है कि इसमे कट का प्रावधान नही है। ऐसे में सिर्फ ब्रिज ही एक विकल्प रहेगा। उसकी भी हाईट छोटी कर दी गई है। वही किसान राजमार्ग के अधिकारी किसानों से सीधे बात नही कर रहे है। ऐसे में किसान जिला प्रशासन से हस्तक्षेप करने की गुहार लगा रहे है। विगत दस जून को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होने कहा है कि, हमारा उदेश्य शासकीय कार्य में अवरोध पैदा करना नहीं है। हम लोग तो जनहित के अनुरूप ही मांग रख रहे है। अगर 10 दिवस के अंदर सुनवाई नही होगी तो उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होगें।

### धान नहीं बेच पाएंगे, दो भागों में बंट जाएगा गांव

हरिभूमि को थनौद के किसानों ने बताया कि, सिक्सलेन का निर्माण



रायपुर और नागपुर हाईवे की ओर चल रहा है। जबकि गांव की आबादी सकड बनने के बाद इसे पार नही कर पाएगी। थनौद से सालभर देशभर में मूर्तियां भेजी जाती है। अगर अंडरब्रिज सिर्फ 12 फीट का होगा तो यहां से आवाजाही कैसी करेगें। किसानों ने बताया कि, खेती के लिए हार्वेस्टर नही निकल पाएगा। देवादा में बन रहे अंडरब्रिज को बीस फीट बनाने की बात कह रहे है। लेकिन किसानों का कहना हैं कि थनौद से देवादा दो किमी है। जबकि ज्यादा आवाजाही थनौद से होता है। यहां थनौद, बिरेझर, पीसेगांव, अंजोरा के किसाना धान बेचने सोसायटी तक नही पहुंच पाएंगे।

#### नहीं है लेआउट

निर्माण कंपनी ने ले आउट उपलब्ध नही कराई है। कंपनी से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। वैसे देवादा के पास बडा अंडरब्रिज बनाया जा रहा है। कट का प्रावधान नही है। **-मुकेश रावटे,** एसडीएम, दुर्ग

#### अफसरों ने स्वीकारा

पूर्व में एनएचआई और एसडीएम ने निरिक्षण किया था। जिस पर उन्होने खुद सर्विस लेन बनाने की बात कही और अंडरब्रिज की उंचाई पर्याप्त नही माना था। लेकिन दो बार शिकायत बाद भी लेआउट नही दिखाया गया है। न जानकारी दी गई है। **-अनिल कुमार देवांगन,** कृषक, थनौद दुर्ग

## जलकर जमा नहीं करने वाले 8458 पर गिरेगी गाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले लंबे समय से जलकर अदा नही करने वाले मकान मालिको पर नगरनिगम द्वारा कडी कार्यवाही किए जाने की तैयारी कर ली गई है। इस दौरान ऐसे बकायादारों की लिस्ट तैयार कर ली गई हैं।

■ नल टैक्स नहीं देने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र में जलकर वसूली अभियान चलाने की तैयारी में है। शहर क्षेत्र में पानी आपूर्ति नगर निगम द्वारा की जा रही है। पानी के बदले में निगम द्वारा शुल्क लिया जाता है। वही कुछ लोग जलकर अदा नही कर रहे है। जिससे जलकर की राशि बकाया बढ़ता जा रहा है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने जानकारी में बताया कि, जलकार्य निरीक्षक राजू चन्द्राकर द्वारा घर-घर सर्वे कर अवैध नल कनेक्शन व जलकर जमा नही करने वालो को चिन्हित किया जा रहा है। सर्वे के समय प्रपत्र में इस बात का साफ उल्लेख करना होगा कि, अमृत मिशन के तहत दिए गए कनेक्शन वैध है या अवैध। अवैध कनेक्शन पाए जाने पर उस मकान मालिक के खिलाफ निगम नोटिस जारी कर अर्थदंड के साथ साथ नल कनेक्शन को वैध किए जाने की कार्रवाही करेगी।

### अवैध कनेक्शन काटे जाएंगे

निगम के डिमांड रजिस्टर में 8458 नल का डिमांड दर्ज है। परन्तु इनके द्वारा जलकर का टैक्स जमा नही किया जा रहा हैं। जिसके कारण निगम को जलकर की राशि प्राप्त नही हो रही है। सभी को नोटिस जारी किया जाएगा। इसके अलावा अवैध कनेक्शन तथा ऐसे करदाता भी है, जो स्वयं के बोर का पानी के उपयोग करने एवम पानी कम आने के नाम पर जलकर की राशि का भुगतान नहीं कर रहे है। बता दे कि बिना अनुमति के नल कनेक्शन देने वाले ठेकेदार के विरुद्ध लायसेंस निरस्त करने तथा ब्लेक लिस्ट करने की कार्यवाही किया जाएगा।

### मोर्चा अध्यक्ष ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मांडले ने पिछले 10 जून को बलौदा बाजार में सतनामी समाज द्वारा अमरगुफा के जैत खांम तोड़ फोड़ मामले को लेकर जो आंदोलन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं जिला कलेक्टर कार्यालय में पेट्रोल बम द्वारा आगजनी एवं तोड़ फोड़ किया गया। उसकी कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए उक्त घटना को अंजाम देने वाले राजनैतिक षड़यंत्र कारी लोगों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग सरकार से किया है।

## रक्तदाताओं का जताया आभार



**दुर्ग।** विश्व स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य एवम राज्यपाल सम्मान प्राप्त रेड क्रॉस वॉलंटियर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही जिला अस्पताल रेड क्रॉस ब्लड बैंक पहुंचकर मेगा ब्लड डोनेशन शिविर में भाग लिया। जिला रेड क्रॉस सोसायटी एवम जीवन दीप समिति द्वारा आयोजित रक्त दाताओं के सम्मान समारोह में संबोधित करते हुए डॉ पाणिग्राही ने ब्लड ग्रुप एबीओ सिस्टम के खोजकर्ता कार्ल लेंडस्टाइनर को नमन करते हुए कहा कि, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा सर्वप्रथम 14 जून 2004 को स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया गया तथा निरंतर 20 वर्षों से पूरे विश्व में रक्तदान का सिलसिला जारी है। अपने रक्त से अनेक लोगों का जीवन बचाने के लिए रक्त दाताओं का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## पौधे रोपकर ली संरक्षण की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

युवा शक्ति संगठन बोरसी के तत्वाधान में हनोदा रोड वार्ड 52 बोरसी में शहर विधायक गजेंद्र यादव ने अपने 46 वे जन्मदिन पर 46 पौधे रोपित किए।

■ आंगनबाड़ी, मुक्तिधाम सहित अन्य स्थानों पर रोपे पौधे

उन्होंने कहा कि जब हम छोटे थे तब हम लोग बेना चलाकर हवा प्राप्त करते थे। उस समय की गर्मी के हिसाब से कार्य चल जाता था। परंतु आज गर्मी इतनी अधिक हो गई है कि एसी, कुलर भी फेल होते जा रहे हैं। इसलिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना और उसको सुरक्षित हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। युवा शक्ति संगठन बोरसी के अध्यक्ष प्रशान्त साहू ने भी विचार रखे। पश्चात संगठन द्वारा स्वप्रेरणा से गोद लेकर बोरसी मुक्तिधाम, शासकीय आंगनबाड़ी, कोठारी मैदान पर वृक्षारोपण, सरंक्षण व रक्तदान, करियर गाइडेंस कार्यक्रम की जानकारी दी गई। आभार प्रदर्शन समाज सेवी पोषण साहू ने किया। कार्यक्रम में चाणक्य साहू, सुरेंद्र साहू, संतोष चंद्राकर, भूतपूर्व सैनिक पीयूष साहू, विजय साहू, मनीष पटेल, कुलेश्वर, बसन्त साहू, सुशील, विजेंद्र, गौरव, तरुण, दुष्यंत व वार्डवासी एवं भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



## अस्पताल में सुविधा बढ़ाने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग।** स्व पांडुरंग रामाराव जिला चिकित्सालय में ट्रामा सेंटर संचालन हेतु मांग पत्र जीवन दीप समिति के सदस्य और रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य दिलीप ठाकुर व मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर द्वारा दुर्ग जिला विधायक गजेंद्र यादव को सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि, ट्रामा सेंटर के संचालन होने से जिला चिकित्सालय के उन्नयन में बढोत्तरी होगी। कार्डिक न्यूरो फिजिशियन, नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रो लाजिस्ट सर्जन, मेडिकल ऑफिसर, आर्थो आईसीयू की सुविधा आदि के होने से रेफर केस में कमी होगी। इन तमाम मांगों को पूरा कराए जाने विधायक को ज्ञापन सौंपा गया है।

## डिजिटल क्रॉप सर्वे की पोर्टल में मिलेगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ में फसल आच्छादन का अब डिजिटल सर्वे होगा। सर्वे में किसानों की फसलों की सभी जानकारियां एग्री स्टैक पोर्टल में दर्ज होंगी। किसानों को फसल उत्पादकता के लिए जरूरी इनपुट जैसे फसल ऋण, विशेषज्ञो की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में भारत सरकार का एग्री स्टैक पोर्टल से मदद मिलेगी।

■ खाद व पानी की मात्रा की भी मिलेगी जानकारी

कृषि विभाग दिल्ली से आये अधिकारियों ने नया रायपुर इंद्रावती भवन में राजस्व विभाग के मास्टर ट्रेनरों को डिजिटल क्रॉप सर्वे 2024 प्रशिक्षण देते हुए बताया कि, जिओ रेफ्रेंसिंग तकनीक के माध्यम से इस वर्ष से डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जाना है। डिजिटल सर्वे की जानकारी एग्री स्टैक पोर्टल में ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी। एग्री स्टैक पोर्टल में किसानों का पंजीयन होने के बाद उन्हें एक फार्मर आईडी दी जाएगी। इस पोर्टल में किसानों द्वारा लगाई गई फसल के साथ-साथ उन्हें आवश्यक खाद और पानी की मात्रा की भी जानकारी मिलेगी। इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के किसानों को अब न केवल जमीन अपितु जमीन में लगाये फसल और उत्पादन के लिए आवश्यक बाज़ार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इस पोर्टल के जरिए किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

**भिलाई दुर्ग में शव फ्रिजर लाने-ले जाने के लिए अब निःशुल्क वाहन होगा उपलब्ध**

# विधायक ने चार माह का मानदेय मानव सेवा के लिए किया दान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अपने पहले मानदेय की राशि से नेहरू नगर गुरूद्वारा के लिए ई-रिक्शा खरीद कर आज गुरूद्वारा प्रबंध समिति को समर्पित किया है। यह ई-रिक्शा शव फ्रीजर लाने-ले जाने के लिए भिलाई-दुर्ग क्षेत्र में जरूरतमंदों को निःशुल्क सेवा देगा। आपको बता दें कि विधायक रिकेश सेन ने अपने दूसरे, तीसरे और चौथे विधायक मानदेय को झारखंड बैजनाथ धाम मंदिर प्रांगण की गलियों में रेड कार्पेट मैट बिछवाने के कार्य हेतु बाबा धाम ट्रस्ट को समर्पित किया है।

आज नेहरू नगर गुरूद्वारा में प्रबंध समिति को ई रिक्शा समर्पित करते हुए विधायक रिकेश सेन ने कहा कि अमूमन देखने में आता है कि हमारे युवा साथी अपनी पहली सैलरी से डिस्को, पब में पार्टी कर खर्च करते हैं, युवाओं से आग्रह है कि वो ऐसे काम में अपनी पहली सैलरी का कुछ हिस्सा अवश्य लगाएं जो मानव सेवा के लिए हों। मैं जब पहली बार पार्षद बना था तो अपना पहला मानदेय मैंने अपने माता-पिता को समर्पित किया था। अब मेरे माता पिता इस दुनिया में नहीं हैं इसलिए विधायक बनते ही मैंने अपना पहला विधायक मानदेय शव फ्रिजर लाने-ले जाने के लिए आवश्यक वाहन को खरीदने में लगाया है, यह वाहन आज जनसेवार्थ गुरूद्वारा समिति को समर्पित करने में मुझे जो आत्मसंतुष्टि मिली है उसका अनुभव क्षेत्र के युवाओं को भी अवश्य लेना चाहिए।



श्री सेन ने बताया कि बैजनाथ धाम में उनके द्वारा सदुपयोग में लाई गई मानदेय राशि से स्पेशल मैट बिछवाने का कार्य शुरू हो गया है। यहां देश भर से श्रावण महीने में श्रद्धालु जल चढ़ाने आते हैं, बैजनाथ धाम मंदिर की गलियों में पानी और कीचड़ से भक्तों को चलने में असुविधा होती थी जिसे ध्यान रखते हुए मैंने तीन माह का विधायक मानदेय बैजनाथ धाम ट्रस्ट को समर्पित किया है ताकि इन गलियों में स्पेशल रबर मैट कार्पेट बिछवाया जा सके। यह कार्य मंदिर ट्रस्ट के अधीन प्रारंभ हो चुका है।

## खबर संक्षेप



### केआईओसीएल के सीएमडी किरण से बंछोर मिले

**भिलाई।** सेफी चेयरमेन एनके बंछोर ने कुदेमुख आयरन ओर कंपनी लिमिटेड ( केआईओसील ) के नवपदस्थ सीएमडी जीवी किरण से मुलाकात कर इस्पात उद्योग की चुनौतियों को साझा करते हुए सुझाव दिए और भिलाई आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि सीएमडी बनने से कंपनी को लाभ होगा। किरण के पिता बीएसपी में कार्यरत थे। उनकी स्कूली शिक्षा भी भिलाई से ही हुई है। उन्होंने एनआईटी ( एमससीटी ) भोपाल से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक और बिट्स पिलानी से क्वालिटी मैनेजमेंट में एमटेक किया। उनका सीएमडी बनना भिलाई के लिए गौरव है।

### पहले सेल की नई पदोन्नति नीति की पुनः समीक्षा हो

**भिलाई।** सीटू यूनियन ने जूनियर इंजीनियर पदनाम को लेकर मांग की है कि पहले अपारदर्शी तरीके से जारी और गोपनीय तरीके से लागू की गई नई पदोन्नति नीति की समीक्षा होनी चाहिए। क्योंकि इसी के दायरे में सम्मानजनक पद नाम से संबंधित आदेश को लागू किए जाने का निर्देश कार्पोरेट कार्यालय से आया है, ताकि कर्मियों एवं उनके यूनियन प्रतिनिधियों को इससे होने वाली लाभ हानि की जानकारी मिले। बीएसपी प्रबंधन द्वारा आदेश की जानकारी देने बुलाई गई यूनियनों की बैठक में सीटू के पूर्व अध्यक्ष एसपी डे और जोगाराव ने कहा कि पुराने एलओपी के कई वरिष्ठ कर्मी हुए थे पदोन्नति से वंचित संशोधित नई पदोन्नति नीति के अनुसार पुराने सभी एलओपी को मिलाकर सिर्फ चार सिंगल लाइन एलओपी बनाया गया है एवं सभी पद नाम को समाप्त कर मात्र चार पदनामों में समाहित कर दिया गया है। एस-

### बदहाल भेलवा तालाब को संवारने की पहल

**भिलाई।** भिलाई नगर में अपनी एक विशेष पहचान रखने वाला वार्ड क्रमांक 4, नेहरू नगर का भेलवा तालाब को संवारने की दिशा में काम शुरू किया गया। तालाब की सफाई पार्षद चंदेश्वरी बांधे की पहल पर हुई। पार्षद ने बताया कि विगत अनेक वर्षों से बदहाल स्थिति में है। भिलाई नगर निगम द्वारा तालाब परिसर का उचित रखरखाव नहीं किया जा रहा है। बहुत सारे खेल उपकरण भी खराब हो चुके हैं एवं पूरे तालाब का पानी बहुत ही दूषित और गंदा हो चुका हैं। नगर निगम द्वारा स्थानीय वार्ड वासियों की भावनाओं के विरुद्ध अवैध गुमटियां लगवाकर व्यापार संचालित किया जा रहा है। पिछले 30 महीनों से लगातार नगर निगम के आयुक्त एवं महापौर से निवेदन किया कि संपूर्ण परिसर को फिर से पुराने स्वरूप में लाया जाए। तालाब की पूरी तरह से साफ सफाई की जाए। बच्चों के लिए नए खेलकूद के उपकरण लगाये जाएं एवं गुमटियों को हटाया जाए। जिससे स्थानीय निवासी गण सुबह शाम वहां पर घूमने फिरने एवं टहलने का आनंद ले सकें। आखिरकार अब जाकर परिसर में तालाब की सफाई का कार्य प्रारंभ हुआ।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली गुल होने पर मरीज व नवजातों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अव्यवस्था के मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासकीय अस्पताल में बिजली गुल हो जाने से मरीज काफी परेशान होते हैं। बारिश का मौसम आ चुका है और आंधी तूफान व बारिश के चलते कई घंटों तक बिजली गुल रहती है। उमसभरी गर्मी झेलनी पड़ती है। साथ ही जीव जंतुओं का खतरा बना रहता है। ऐसे में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जनरेटर की सुविधा नहीं होने के कारण मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अर्जुन्दा स्थित शासकीय अस्पताल में हर दिन आसपास के गांव से कोई न कोई गर्भवती महिला प्रसव के लिए अस्पताल में पहुंचती है। ऐसे में जब उनका प्रसव हो जाता है तो उन्हें कुछ दिनों तक अस्पताल में ही नवजात के साथ रहना पड़ता है। इस दौरान अगर बिजली गुल हो जाती है तो महिला और नवजात को काफी दिक्कतें होती है। खासकर बिजली गुल हो जाने से गमएँ के कारण बच्चे रोने बिलकने लगते हैं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालोद महेश सूर्यवंशी ने कहा कि जानकारी में है। अस्पताल प्रबंधक को जनरेटर की व्यवस्था करने कहा गया है। विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद का कहना है कि लगातार प्रयास में लगे हैं। अस्पताल में जनरेटर की व्यवस्था हो जाएगी।

## नवप्रसूताओं को झेलनी पड़ती है गर्मी, बारिश होने पर जीव-जंतुओं का खतरा

### सोलर पैनल बना शोपीस

बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बिजली गुल हो जाने की समस्या को देखते हुए कुछ वर्ष पहले सोलर पैनल लगाया गया था। लेकिन वह सोलर पैनल कुछ ही दिन चला फिर मेंटेनेंस के अभाव में वह अनुपयोगी हो गया। बताया जा रहा है कि सोलर पैनल में लगी बैटरी चार्ज नहीं होने के कारण वह अब महज शोपीस बना हुआ है।






### जनरेटर दान में मिलाः अस्पताल प्रबंधक

पूरे मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधक एसपी खान ने कहा कि डेढ़ साल पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुन्दा में जनरेटर के लिए शासन की ओर से पैसा आया था। राशि कम होने के कारण जनरेटर नहीं लग पाया। हमारी ओर से पत्र भेजकर कई बार जनरेटर की माँग की गई है। अर्जुन्दा नगर के एक व्यक्ति द्वारा जनरेटर दान किया जाएगा, जिससे मरीजों को बिजली बंद हो जाने पर समस्या नहीं होगी।

जयंती : गायत्री जयंती, गंगा दशहरा पर बोड़रा में पांच कुंडीय यज्ञ हुआ

# समस्याओं के निवारण के लिए जीवन में भगवत उपासना, लोक आराधना व परमार्थ अपनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

गायत्री जयंती, गंगा दशहरा के पावन पर्व पर गायत्री परिवार द्वारा गायत्री प्रज्ञापीठ बोड़रा में पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन किया गया।

प्रातः ध्यान साधना के बाद देवपूजन, दीप प्रज्वलित कर देव आवाहन किया गया। गायत्री महायज्ञ का संचालन करते हुए यज्ञाचार्य तामेश्वर गुरुजी ने कहा कि सृष्टि के आदि में ब्रह्माजी जिस शक्ति की साधना करके विश्व संचालन के उपयुक्त ज्ञान एवं विज्ञान, अनुभव एवं पदार्थ प्राप्त कर सकने में समर्थ हुए, पौराणिक प्रतिपादन के अनुसार उसका नाम गायत्री है। इसी दिन भगवती गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुईं। गंगा और गायत्री के जन्मदिन का पुनीत पर्व हमारे कर्म में गंगा जैसी सरसता और चिंतन में गायत्री जैसी ज्योति उत्पन्न करे, इसी प्रेरणा को अधिकाधिक गहराई तक हृदयंगम किया जाय। राजेंद्र कुमार सिन्हा ने प्रज्ञागीत भजन प्रस्तुति के माध्यम से कहा कि वर्तमान कलयुगी समय बहुत ही अनाचार पापकृत्य से भर चुका है जिसके परिणाम स्वरूप प्रकृति पर्यावरण असंतुलन हो गई है। जिससे इंसान अनेकों प्रकार से शारीरिक, मानसिक रूप से बीमार पड़ रहा है। इनके निवारण के लिए अपने जीवन में भगवत उपासना, जीवन साधना व लोक आराधना परमार्थ को अपनाया जाना चाहिए। इसी में अपना व संसार की हित है।

■ कर्म में गंगा जैसी सरसता, चिंतन में गायत्री जैसी

### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में क्षेत्र के परिजन विश्व कल्याण के लिए गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र की विशेष आहुति दी गई। कार्यक्रम में बालकृष्ण सिन्हा, रामजी साहू, रामू सिन्हा, रघुनाथ साहू, उदयराम साहू, शयामलाल, मनसाराम, जानकी सिन्हा शामिल हुए।

## रैली निकालकर नशे के विरूद्ध लोगों को किया जागरूक





**बालोद।** भारत नशामुक्ति अभियान के तहत गायत्री परिवार ने नगर मे रैली निकाली। गायत्री शक्ति पीठ बालोद में गंगा दशहरा और गायत्री जयंती पर गायत्री मंत्र का अखंड जाप तथा रविवार को प्रातः 9 बजे से 5 कुण्डी गायत्री, महा यज्ञ परिवाजक आचार्य द्वारा विधि विधान से सम्पन्न कराया गया। जिसके बाद ब्लाक स्तरीय गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में मुख्य अतिथि ग्राम बोरी के हीरक मंडल अध्यक्ष कुंजन सिह चौरे और शांति बाई साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला देवागन समाज केसर देवांगन ने किया। विशेष अतिथि राधेश्याम साहू, डीआर सोनबेर, पूर्व प्राचार्य दशरथ कलीहारी, जिला उप समन्वयक लोचन साहू, ब्लाक समन्वयक हरिश्चंद्र साहू के रूप में मंच पर उपस्थित थे। ब्लाक स्तरीय रैली में नशा भारत छोड़ो, गुटखा, पान, सिगरेट, तंबाकू, शराब पर नारे लगाए गए तथा व्यसनमुक्त पर प्रज्ञा गीत गाए गए। रैली जय स्तंभ होते हुए सादर लाइन से सिंधी कालोनी होते गायत्री मंदिर में समाप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष हीरक मंडल आरपी यादव ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला समन्वयक राजेंद्र सिन्हा और गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शाम होते ही गांव में कोचियों का कब्जा

# नशेड़ियों के कारण ग्रामीणों का घर से निकलना हुआ दूभर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

बीते कुछ महीनों से शराब कोचिए जमकर उत्पाच मचा रहे हैं। अलसुबह से देर रात पुलिस के निगाह से बचकर शराब ब्रिकी कर जमकर चांदी काट रहे। जिससे गांव का माहौल बिगड़ते जा रहा है। पूर्व में महिला कंमाडो से माहौल ठीक रहता था, लेकिन शासन की महिला स्वयं पुलिस सेवक आने के लुप्त हो गई।

जिससे प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल से सड़क किनारे बनी नाली में पटती जा रही है। अपने बाहुबली नीति और दंबगई, के कारण इनके हौसले बुलंद होते जा रहे है। वही चौक चौराहों पर सरकारी यात्री प्रतीक्षालय गब्दी शराबियो का अड्डा बना है। शाम होते ही बड़बोले शराबियों द्वारा अपशब्दों का उपयोग करने से महिलाए का गुजरना मुश्किल हो जाता है। क्षेत्र के युवा वर्ग नशे की गर्त में जा रहे है।

वही जिन स्कूली बच्चों के हाथों में कलम किताब होनी चाहिए, वे चंद पैसो की खतिर शराब की खाली शीशी बीनते दिखते रहते है। वहीं पुलिस थाना अर्जुन्दा से 10 किमी दूर होने से इनके हौसले परवान चढ़ रहे है, वही आबकारी नीति में शराब भठठी से एक व्यक्ति को आसानी 4 पौवा उपलब्ध हो जाता है, जो शराब तस्करों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

■ महिला कमांडो के जाने के बाद बढ़ी समस्या

■ बच्चे व युवा भी आ रहे नशे की गिरफ्त में

### पुलिस सख्ती से करे कार्रवाईः सरपंच

गौरतलब हो कि अर्जुन्दा शराब भठ्ठी से बड़ी मात्रा में मोटर साइकिल से शराब लाकर 120 से 150 रुपए के दाम पर बेच रहे है। ग्राम सरपंच गब्दी संतोषी सिन्हा ने गांव में बिक रही अवैध शराब कोचियों को लेकर समय रहते पुलिस सख्ती से कार्रवाई करे, तो क्षेत्र में शांति व्वस्था बनेगी। अर्जुन्दा पुलिस को लिखित शिकायत किया।

# किसानों का जीवन स्तर सुधरा, हुए खुशहाल

## सम्मन निधि योजना की 17वीं किस्त आज होगी जारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने किसानों को मिलने वाली केंद्र सरकार की किसान सम्मन निधि योजना की 17वीं किस्त मिलने की अग्रिम बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि आज का दिन किसानों के लिए बेहद खास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल की शपथ लेते ही आवासहीन परिवार एवं किसानों के लिए तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही सबसे पहले हस्ताक्षर तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास व किसान सम्मन निधि की 17वीं किस्त जारी करने के लिए फाइल पर पहले हस्ताक्षर किए। इस योजना का लाभ देश के 9 करोड़ 26 लाख किसानों को मिलने वाला है। आगे कहा कि इस महंगाई के दौर में प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प किसानों की आय दुगनी करने हर संभव प्रयास किया जा रहा है एवं सफलता भी प्राप्त हो रही है। आज किसानों का जीवन स्तर मे कई गुना सुधार हुआ है। किसान आज समृद्ध है खुशहाल है, जिसकी पूर्ति के लिए किसान सम्मन निधि समय–समय पर कारगर सिद्ध होता है, छोटे एवं मंझौले किसानों के लिए यह वरदान है साथ ही केंद्र सरकार व राज्य कि भाजपा सरकार खाद बीज में मिलने वाली सब्सिडी, प्रतिशत ब्याज पर ऋण अन्य कृषि संसाधनों पर सब्सिडी सहित सुलभ खरीदी व्यवस्था, एमएसपी मे वृद्धि सहित अन्य सुविधाओं से आज कृषि के क्षेत्र में हरित क्रांति आई है। जिला भाजपा महामंत्री एवं कृषक राकेश छोटू यादव ने बताया कि 18 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम 4 बजे उत्तर प्रदेश के बनारस से सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। साथ ही इस कार्यक्रम को देशभर के 732 कृषि विज्ञान केन्द्रो, एक लाख से अधिक प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां एवं 5 लाख कॉमन सर्विस सेंटरों से ढाई करोड़ से भी अधिक कृषक सीधे कार्यक्रम से जुड़ेंगे। देश के किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी।

# शोभायात्रा निकाली गई, चौका आरती का हुआ संगीतमय कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम सिवनी में जिला स्तरीय सदगुरु कबीर साहेब का प्रकट उत्सव सभी तहसीलों के सहयोग से मनाया गया। सर्वप्रथम ध्वज निशान पूजन पश्चात भव्य शोभायात्रा कबीर साहेब के भजन कीर्तन करते हुए निकाली गई। तत्पश्चात ध्वजारोहण किया गया। अतिथियों के स्वागत, सम्मान पश्चात सात्विक चौका आरती का संगीतमय कार्यक्रम हुआ। आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष बृजमोहन दास मानिकपुरी ने किया। इस अवसर पर ग्राम सिवनी के सरपंच दानेश्वर सिन्हा, कमलेश दास मानिकपुरी, मोहन दास मानिकपुरी, कोमल दास मानिकपुरी, लोकेश्वर दास मानिकपुरी, स्वरूप दास मानिकपुरी, देवचरण दास मानिकपुरी, विष्णु दास मानिकपुरी, गौतम दास मानिकपुरी, रूपदास मानिकपुरी, केशव दास मानिकपुरी, नकुल दास मानिकपुरी, तेजदास मानिकपुरी, प्यालु दास मानिकपुरी, लारेन्स मानिकपुरी, कन्हैया दास मानिकपुरी, पारस दास मानिकपुरी, रामदास मानिकपुरी, महंत गिरधारी दास मानिकपुरी, महंत केजा दास मानिकपुरी, महंत अशोक दास मानिकपुरी सभी दीवान गण, निर्मला मानिकपुरी, सुनीता मानिकपुरी, खोरबाहरीन मानिकपुरी, राधा मानिकपुरी, बेना मानिकपुरी, नीता मानिकपुरी एवं बड़ी संख्या मे आमीन माताएं, सामाजिक बंधुगण, ग्रामवासी उपस्थित थे।

### टाउनशिप की समस्याओं को लेकर बीएसपी प्रबंधन पर बढ़ाया दबाव

**भिलाई।** टाउनशिप की समस्याओं को लेकर यूनियनों ने दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने नगर सेवाएं विभाग के प्रमुख सीजीएम जे वाय सपकाले के साथ बैठक कर आवासीय और अन्य लंबित समस्याओं के जल्द निदान की मांग की। जिसमें यूनियन ने 650 वर्ग फीट तक के क्वार्टर को लाइसेंस पर देने , सब्जेक्ट टू वेकेशन में क्वार्टर खाली करने की बाध्यता समाप्त करने, टाउनशिप के सभी सीपेज वाले क्वार्टरों का टार फेल्टिंग जल्द करने, रिटेंशन स्कीम मे लिए जा रहे सिक्योरिटी डिपाजिट की राशि को कम करने, प्रमोशन पॉलिसी जल्द लागू करने पर जोर दिया । प्रबंधन ने जल्द टार फेल्टिंग शुरू करने एवं 650 वर्ग फुट के क्वार्टर को लाइसेंस पर देने का मामला हाउस रूल माडिफिकेशन कमेटी को जल्द भेजने का आश्वासन दिया । यूनियन इंटक ने 650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर को लाइसेंस पर देने की मांग दोहराई । कहा कि टाउनशिप में खाली क्वार्टरों पर अवैध कब्जे बढ़ते जा रहे हैं यदि प्रबंधन को अपने

# ढाई करोड़ के 32 ई-टायलेट कबाड़, दो कंपनियां छोड़कर भागीं, अब री-टेंडर

■ दोबारा मरम्मत के लिए इस्टीमेट बनवा रहा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आधा दर्जन सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले इलाकों में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा बनवाए गए 32 ई-टायलेट कबाड़ हो गए। देखरेख के अभाव में असामाजिक तत्वों ने कहीं ई-टायलेट में लगाई गई महंगी स्टील प्लेट पार कर दी तो कहीं स्टील से बना दरवाजा काटकर ले गए। ई-टॉयलेट में प्रयुक्त महंगे स्टील के पार्ट्स भी गायब हैं। अब इनकी दोबारा मरम्मत कराने नगर निगम ने निजी एजेंसी से ई-टॉयलेट की जांच कर इसमें लगने वाले अनुमानित खर्च का इस्टीमेट बनाने का जिम्मा दिया है। इस्टीमेट की स्वीकृति के बाद एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 4 साल पूर्व शहर के 6 प्रमुख स्थानों पर 32 ई-टायलेट बनवाए गए। इनमें एम्स हास्पिटल के सामने, सरस्वती नगर थाने के पास, पं. रामदयाल तिवारी स्कूल के बाजू वाली जगह, मेकाहारा के सामने, आनंद नगर केनाल रोड और कटोरा तालाब के सामने ई-टायलेट की सुविधा शुरू की गई थी। इन टॉयलेट के निर्माण और मेंटेनेंस के लिए हैदराबाद की एक कंपनी से अनुबंध किया गया। अनुबंधित कंपनी से इसके लिए 72 लाख रुपए सुरक्षानिधि के रूप में जमा कराए गए, पर ई-टॉयलेट निर्माण के कुछ महीने बाद अनुबंधित कंपनी नदारद हो गई, जबकि अनुबंध की शर्त अनुसार उसे 5 साल तक ई-टॉयलेट का मेंटेनेंस व संचालन करना था। इधर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अनुबंधित कंपनी द्वारा काम बीच में छोड़े जाने की स्थिति में 72 लाख की सुरक्षा निधि को राजसात कर लिया। कंपनी के यहां से भाग जाने के बाद 2021 तक ई-टॉयलेट का मेंटेनेंस नहीं हो पाया। वर्ष 2022 में रायपुर स्मार्ट सिटी ने फिर से इन ई-टॉयलेट के मेंटेनेंस के लिए रायपुर की होप फॉर ह्यूमिनिटी एजेंसी से अनुबंध किया।

*प्रोजेक्ट निगम को हैंडओवर : कबाड़ हो चुके ई-टॉयलेट के 32 यूनिट वाले प्रोजेक्ट को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 2 माह पूर्व नगर निगम के स्वच्छता विभाग को हैंडओवर कर दिया है। अब ई-टॉयलेट की मरम्मत, देखरेख और संचालन के लिए नगर निगम नई एजेंसी तय करेगा।*



### जल्द करेंगे टेंडर

ई-टॉयलेट की मरम्मत और संचालन के लिए एजेंसी तय करने जल्द ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा। अनुबंध में 3 साल तक ई-टॉयलेट की मरम्मत और संचालन की शर्त शामिल रहेगी।

- **रघुमणि प्रधान**, नोडल अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन, ननि रायपुर

## पेज 11 के शेष

### स्कूल खुलने से पहले ...

पाया गया एवं 3 में फिटनेस सर्टिफिकेट की वैधता समाप्त होना पाया गया। 92 वाहन मे बीमा वैध पाया गया। 75 वाहनों में प्रदूषण प्रमाण पत्र पाये गये एवं 20 वाहनों के द्वारा पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। सभी 95 वाहनों में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ पाया गया। सभी 95 वाहनों में जीपीएस लगा हुआ पाया गया।। 90 वाहनों में परमिट वैध पाए गए। 3 वाहनों में परमेट की वैधता समाप्त होना पाया गया एवं 2 वाहनों में परमिट नहीं पाये गये। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 33 वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### प्रभावित दर्जनभर गांव ...


जीवनलाल साहू, खिलेश्वर परगनिहा, दीपक, बनवाली, खिलेंद्र, मुरली आडिल, भागीरथी देशलहरे, कांतिलाल साहू, रुखुमलाल साहू, मनोहर सेन, भुवन साहू, इश्क यादव, चन्द्रशेखर वर्म्स, रोशन टिकरिहा सहित अन्य ग्रामीण आज मंगलवार को ग्राम पंचायत सचिवालय में बैठक रखी गई है। सबकी सहमति पर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

### जिले में कांग्रेस ...

जिला किसान कांग्रेस, मनोज शर्मा पार्षद, सुनिल नामदेव, आशीष राम ठाकुर पार्षद, धरम वर्मा, विनोद परगनिया, राजू साहू पार्षद, विक्की मिश्रा, अजय सेन, राजकुमार बंजारे, जितेन्द्र ढीमर सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे ।

## रिसॉर्ट में विला किराए पर लेकर सजाई जुए की महफिल

**रायपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र में शनिवार-रविवार दरमियानी रात पुलिस ने एक रिसॉर्ट में छापा मारकर नौ जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इन जुआरियों से पुलिस ने छह लाख 81 हजार रुपए जब्त किए। पुलिस के मुताबिक, कोलार स्थित कल्पवृक्ष रिसॉर्ट में हाईप्रोफाइल जुआ खेलने की सूचना मिलने पर दबिश दी गई।



**खबर संक्षेप**



## स्कूल वाहनों की जांच, 18 बसों में निकली खामियां

**भिलाई।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत होने जा रही है। इसलिए स्कूली बसों की जांच रविवार को की गई। 9 स्कूलों की 208 स्कूल बसों की जांच की गई है। जिसमें से 18 बसों में खांमियां पाई गई। 17 जून को स्कूल खुल रही है इसलिए इस समय से पहले खांमी को दूर करने की हिदायत दी गई। ऐसे बसों पर चार्ज भी ठोंका गया। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाईन के अनुसार एवं जितेंद्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देश पर तथा सतीश ठाकुर,उप पुलिस अधीक्षक (यातायात), एस.एल. लकड़ा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के नेतृत्व में स्कूली छात्र छात्राओं के सुरक्षित परिवहन को ध्यान में रखते यातायात पुलिस दुर्ग एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस ग्राउण्ड सेक्टर 6 भिलाई में स्कूल बस का जांच शिविर का आयोजन हुआ।

## जलकर नहीं देने वालों पर होगी सख्ती

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई जलकर वसूली अभियान चलाने की तैयारी में है।शहर क्षेत्र में पानी आपूर्ति नगर निगम द्वारा की जा रही है।पानी के बदले में निगम द्वारा शुल्क लिया जाता है।वही कुछ लोग जलकर अदा नही कर रहे है। जिससे जलकर की राशि बकाया बढ़ता जा रहा है।निगम द्वारा लोगो को नियमित रूप से जलापूर्ति की जा रही है। घर-घर सर्वे कर अवैध नल कनेक्शन व जलकर जमा नही करने वालों को चिन्हित किया जाएगा। सर्वे के समय प्रपत्र में इस बात का साफ उल्लेख करना होगा कि अमृत मिशन के तहत किये गए कनेक्शन वैध है या अवैध। अवैध कनेक्शन पाए जाने पर उस मकान मालिक के खिलाफ निगम नोटिस जारी होगा।

## श्रमिक बस्तियों, मोहल्लों व कालोनियों में मनाया ड्राई डे

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र के श्रमिक बस्तियों , मोहल्लों, कॉलोनियों, हाउसिंग सोसाइटियों में ड्राई डे मनाया गया। इसके अंतर्गत मितानिन बहने घर-घर जाकर कूलर, पानी के बर्तन, पानी की टंकी ,टायर, आदि जगहों पर जमा पानी को निकाल कर सफाई किये। इस दौरान लोगों को जागरूक किया गया कि हर रविवार के दिन आप अपने घर में साफ सफाई करें, जहां भी पानी जमा हो होने की संभावना हो उसे सुखा देवें। मच्छर हमेशा जमा हुए पानी में अंडा देते हैं। वही अंडा बाद में लार्वा बन जाता है। वही लार्वा मच्छर के रूप में पनप जाता है। मितानिनों ने समझाया कि जमे हुए पानी में जला हुआ तेल, मोबिल ऑयल ,किसी भी प्रकार का तेल, टेमीफास की दवा का छिड़काव कर देना चाहिए। इससे मच्छर के लार्वा मर जाते हैं। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर प्रत्येक बुधवार को नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय, सभी जोन कार्यालय, रविवार के दिन सभी क्षेत्रों में नागरिकों के सहयोग से ड्राई डे मनाया जा रहा हैं। इस कार्य में नगर निगम भिलाई के कर्मचारी एवं जिला स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी लगे हुए हैं।

### मुस्लिम समाज ईदगाह में की सामूहिक नमाज अता, घरों में दी गई कुर्बानी

# ईद-उल-अजहा का पर्व हर्षोल्लास व सादगी से मनाया गया, अमन चैन की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





मुस्लिम समुदाय के सद्भाव व समर्पण एवं कुर्बानियों का प्रतीक माने जाने वाला पारम्परिक पर्व ईद-उल-अजहा प्रतिवर्ष की भांति जिलेभर में धूमधाम, उल्लास एवं सादगीपूर्ण रुप से मनाया गया। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग हर साल की तरह स्थानीय जिला मुख्यालय रेस्ट हाउस रोड स्थित ईदगाह में ईद-उल-अजहा की सामूहिक रूप से नमाज अता कर गले मिलकर एक दूसरे को त्यौहार की मुबारकबाद दी।

■ एक दूसरे को गले मिलकर दिया मुबारकबाद

सोमवार सुबह 8 बजे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जामा मस्जिद से जुलूस की शक्ल में ईदगाह पहुंचे। जहां पर जामा मस्जिद के धर्मगुरु ने ईद उल अजहा की विशेष नमाज सुबह 9 बजे कराई। और देश में खुशहाली अमन चैन व प्रेम सद्भाव की दुआ मांगी। ईदगाह से नमाज अदा करने के पश्चात वापस जुलूस बाजार पर स्थित जामा मस्जिद पहुंचा जहां पर परचम कुशाई की गई और नाते पाक की तिलावत की गई। तत्पश्चात नमाज में शामिल व्यक्ति अपने घर पहुंचे और कुर्बानी परंपरा की रस्मों को अदा किया। इसके अलावा जिनके घर पर अगर बलि प्रथा (कुर्बानी नहीं दी जाती) तब वे एक निश्चित नकद राशि अनाथालय (मदरसे )में दान के रुप में भिजवा कर इस परंपरा का निर्वहन किया ।

हालांकि मुस्लिम समुदाय ने जानकारी दी की हर साल की तरह कुर्बानी का यह आयोजन अगले दो-तीन दिनों तक लगातार जारी रहेगा। मुस्लिम समाज के तमाम लोग अपने करीबियों एवं रिश्तेदारों के यहां कार्यक्रम में शामिल होकर त्यौहार को उत्साहजनक एवं सादगीपूर्ण ढंग से मनाया। मुस्लिम समुदाय ने यह पर्व जिले के बेरला, देवकर, नवागढ़ ,साजा ,सरदा ,खंडसरा ,दाढ़ी सहित अन्य क्षेत्रों में परंपरा के अनुसार मनाया।

## भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सांसद बघेल का किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ऐतिहासिक मतों से लोकसभा चुनाव में जीत से उत्साहित जिले के भाजयुमों नेताओं ने सैकड़ो की संख्या में चारपहिया वाहन से रैली की शक्ल से सांसद निवास भिलाई पहुंचे जहां पर बेमेतरा भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष योगेश वर्मा के नेतृत्व में दुर्ग लोकसभा से दूसरी बार नवनिर्वाचित सांसद विजय बघेल का भव्य स्वागत कर उन्हें बधाई दिए । इस दौरान सांसद विजय बघेल ने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्ग लोक सभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत में युवा मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका है और आगे भी भाजपा की विजय में युवा मोर्चा की भूमिका सशक्त और महत्वपूर्ण रहेगी।

भिलाई निवास पहुंच कर स्वागत करने वालों में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, राकेश मोहन शर्मा, दीपक मोटवानी, देव मिश्रा, पप्पू वर्मा, ओमप्रकाश यादव, योगेंद्र सिन्हा, थानू चंद्राकर , टोमन वर्मा, प्रमोद वर्मा, राजा वर्मा, परस जयसवाल, श्याम सलूजा, विक्रम वर्मा, जयंत वर्मा, निक्कू वर्मा, संजय वर्मा सहित सैकड़ों युवा मोर्चा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे।

## टंकी के वाल्व खराब होने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर




नगर पंचायत देवकर विभिन्न वार्डों में विगत 2 दिनों से जल सप्लाई प्रभावित होने से बस्ती वाले परेशान है। जिसमें पाइप के सप्लाई चैन में वाल्व खराब होने पर नगर के वार्ड 3, 4, 11 एवं 6 में आंशिक रूप से जल आपूर्ति पर असर हो रहा। फिलहाल स्थानीय प्रशासन द्वारा नगर पंचायत प्रशासन द्वारा घीसकर खराब हो चुके वाल्व को मरम्मत कर नया लगा दिया गया है, लिहाजा दो दिनों के बाद आज से पानी आपूर्ति शुरू हो जाएगी। चूंकि इन दिनों गर्मी का सीजन अपने अंतिम दौर में है वहीं किसी भी इलाके में पेयजलापूर्ति का बाधित होना रहवासियों के लिए एक बड़ी चुनौती बन जाता है। हालांकि देवकर में नगर पंचायत में पेयजलापूर्ति का प्रभावित होंने की घटना इस वित्तीय बरस की पहली घटना है जिससे वार्डवासियों को जलसंकट की समस्या से जूझना पड़ा एवं टैंकरों के सहारे जल आपूर्ति करना पड़ा। इस सम्बंध में नगर पंचायत इंजीनियर विश्वनाथ ठाकुर ने बताया कि नगर में काफी पुराना वाल्व होने के कारण कुछ वार्डो में पानी की सप्लाई चैन प्रभावित रही। जिसे ठीक कर लिया गया है एवं आज से पुनः शुरू हो जायेगी।

## जीवन जीने की कला सिखाती है सतगुरु कबीर की वाणीः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुथरेल में माणिकपुरी पनिका समाज द्वारा सतगुरु कबीर प्रगटोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक ललित चंद्राकर ने भी आशीर्वाद प्राप्त किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक श्री चंद्राकर ने कबीर दास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा वैसे तो कबीर दास जी के जन्म के बारे में निश्चत रूप से कुछ भी सही रूप से कह पाना संभव नहीं है। फिर भी एक किवदंती के अनुसार संत कबीर दास ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के दिन काशी में लहरतारा तालाब के कमल पुष्प पर माता-पिता नीरू और नीमा को मिले थे। कहा जाता है कि इसी दिन ये नीमा और नीरू नामक जुलाहे दंपति को प्राप्त हुए थे। इन्होंने ही कबीर दास का पालन-पोषण किया था। इसी कारण से इस दिन को कबीर जयंती के रूप में मनाया जाता है। कबीर दास ने मध्यकालीन भारत के सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक जीवन में अमूल्य योगदान दिया। इन्होंने अपने दोहों, विचारों और जीवनवृत्त से तत्कालीन सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में क्रांति का सूत्रपात किया था। इन्होंने मध्यकालीन भारत के तत्कालीन समाज में व्याप्त अंधविश्वास, रूढ़िवाद, पाखण्ड का घोर विरोध किया।

कबीर दास ने सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात करते हुए "ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय" का संदेश दिया।

## जिले में कल मनाया जायेगा विश्व सिकल सेल दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्र सरकार द्वारा राज्य में 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस मनाये जाने के दिशा निर्देश जारी किये गए हैं। इसी परिपेक्ष्य में कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार जिले में 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस मनाये जाने निर्देशित किया हैं। कलेक्टर शर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास तथा जिले के अन्य संबंधित अधिकारियों एवं अमले के समन्वय से स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल से रोग के संबंध में जनजागरूकता सिकल सेल वाहक तथा रोगियों को प्रेरित किये जाने हेतु, सिकल सेल संबंधित शीघ्र प्रारंभिक जांच आदि कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं। विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, ग्राम पंचायतों तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों, विभागीय छात्रावास आश्रमों तथा अन्य आवासीय विद्यालयों में सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा और जेनेटिक कार्ड का वितरण कराया जायेगा। बता दे की राज्य के 33 जिलों के लक्षित 1,77,69,535 सिकल सेल स्क्रीनिंग के विरूद्ध कुल 1,11,06,561 स्क्रीनिंग की गई है। जिसमें 1,06,24,245 स्क्रीनिंग निगेटिव पाई गई है। स्क्रीनिंग में 2,90,663 वाहक पाये गये हैं तथा 22,672 बीमारी प्राप्त हुई है। इस प्रकार राज्य में स्क्रीनिंग का कुल प्रतिशत 63 है। 1,68,981 स्क्रीनिंग, कन्फर्मेशन की प्रक्रिया में है। 75,79,257 सिकल सेल जेनेटिक कार्ड वितरित किये गये हैं। कार्ड वितरण का प्रतिशत 63 है।

■ सिकल सेल दिवस मनाये जाने के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

## ओबीसी संयोजन समिति की बैठक में तैयारियों को लेकर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ से सम्बद्ध ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ की अगुवाई में 15 जून दिन को साहू समुदायिक भवन पेन्डी कलंगपुर में संस्थापक ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ शत्रुहन सिंह साहू के अध्यक्षता में जिला बालोद व जिला दुर्ग का संयुक्त बैठक संपन्न हुआ।

■ ओबीओ की ग्राम समिति का होगा गठन

कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने पर चर्चा हुई। साथ ही कार्यक्रम को सही दिशा देने के लिए कार्ययोजना भी बनाया गया। यह कार्यक्रम ओबीसी दिवस 10 सितंबर को सेवा सहकारी समिति परिसर ग्राम पेन्डी तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद में प्रदेश स्तरीय मनाया जाएगा। प्रत्येक गांव में ओबीओ का ग्राम समिति गठन किया जाएगा, जिसका जवाबदारी ब्लाक अध्यक्षों की रहेगी। ग्राम समिति के माध्यम से प्रत्येक ओबीसी परिवार से सहयोग लेना है। प्रत्येक परिवार को कार्यक्रम का आमंत्रण देना है। कार्यक्रम के लिए एक कार्यसमिति बनाई गई है, जिसमें सभी ब्लाक के साथियों को सामिल किया जाएगा।



बैठक में सम्भागीय अध्यक्ष किरत राम कुलहारा, बालोद जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव सांवत राम साहू, महामंत्री रोमनाथ साहू, कोषाध्यक्ष पिएल साहू, युवराज सिंह गंजीर, गुण्डरदेही ब्लाक अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू, मोहन लाल साहू, इन्द्रजित कुलहारे, शत्रुहन महतो, इन्द्र कुमार कुलहारा, राम प्रकाश साहू, विजय कुमार साहू, आनंद राम यादव, भोज राम साहू, मनहरन साहू उपस्थित थे।

## जर्जर हो चुके पानी टंकी को डिस्मेंटल करने की मांग

**बेमेतरा।** नगर के परशुराम चौक में स्थित जर्जर हो चुकी पानी टंकी को जनहित में डिस्मेंटल किया जाने की मांग सर्व ब्राह्मण समाज ने जिला प्रशासन से की है। सर्व ब्राह्मण समाज के उपप्रांताध्यक्ष लेखमणी पाण्डेय, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शुक्ला नें कहा कि यह पानी टंकी का उपयोग अब जल भंडारन के लिए नहीं हो रहा है वैसे भी यह टंकी ऊपर से टूटते जा रहा है ऊपर से सीमेंट के टूटनें से भगवान परशुराम प्रतिमा खंडित होने का अंदेशा है। टंकी के पास एक चिकित्सालय है तथा आसपास रहने वाले पानी टंकी के टूटकर गिरने के भय से भयभीत रहते हैं। इसे तत्काल गिराकर जनहित में निर्णय लेकर नगर पालिका बेमेतरा को डिस्पेंटल करनें का आदेश जिला प्रशासन द्वारा दिया जाना चाहिए। जारी बयान में यह भी कहा कि पानी टंकी के अचानक गिरनें से धन-जन को छती हो सकती है। इसके अलावा बयान में ब्राह्मण समाज के नेताओं ने बीते दिनों शहर स्थित मॉल में महिला कर्मी के साथ हुई घटना को नगर के लिए शर्मनाक बताते हुए कहा है की महिला कर्मियों के साथ इस प्रकार शर्मनाक व्यवहार किये जाना उचित नहीं है। मैनेजर के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही किये जानें की मांग करते हुए स्थानीय एक महिला नेता को चेतावनी देते हुए कहा है कि स्वार्थ साधने के लिए ऐसे अपराधिक छवि वाले मैनेजर का साथ न दें नहीं तो साहु समाज और ब्राह्मण समाज द्वारा स्थानीय चुनाव में ऐसे नेता वे चाहे किसी भी पार्टी को हम बेमेतरा के शांत वातावरण को दूषित करने वालों का साथ देने वालों को सबक सिखाएंगे।

## एसपी ने थाना नवागढ़ का किया आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने थाना नवागढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी अधिकारियों व जवानों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में जहां उन्होंने निर्देश दिए वही सभी अधिकारियों व जवानों को आमजन, महिला, रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने की हिदायत देते हुए लंबित अपराधो, मर्ग, गुम इंसान, लंबित शिकायतो शीघ्र ही कार्यवाही करने की बात कही। साथ ही इस दौरान एसपी श्री साहू ने असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिए। एसपी ने अपने निरीक्षण के दौरान जप्ती माल एवं थाना के रिकार्ड को व्यवस्थित ढंग से वर्षवार रखने व चोरियो एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग किए जाने व सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान थाना नवागढ प्रभारी उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, सहायक उपनिरीक्षक मोहन लाल साहू व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

■ अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

### राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिलने की बातें कहीं

# अभिकर्ताओं का कमीशन एवं आवर्ती बचत योजना में ग्राहकों के लिए बढ़े ब्याज दर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ भारत का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन दुर्ग में सम्पन्न हुआ। जिसमें बालोद जिले से भी बचत अभिकर्ता बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। अधिवेशन में वर्तमान समय में महंगाई एवं अन्य समस्या को ध्यान में रखकर भारत सरकार से अभिकर्ताओं को मिलने वाले कमीशन एवं आवर्ती बचत योजना में ग्राहकों के लिए ब्याज दर बढ़ाने तथा पोस्ट आफिस में एजेंट एवं उनके सहयोगियों को होने वाली परेशानियों पर राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने प्रकाश डाला। आने वाले समय मे संगठन के माध्यम से सभी सांसदों से मिलकर इस विषय को संसद के पटल पर रखने की मांग भी की जाएगी। इन सबके बाद भी समस्या का हल नहीं होने पर भारत के सभी एजेंट दिल्ली में एक बड़ा आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। विभिन्न राज्यों से आये प्रतिनिधियों ने अपनी अपनी समस्या को बताया। जिस पर राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने जिसका निराकरण हेतु वित्त मंत्री से सौजन्य मुलाकात करने एवं समस्या को प्रखरता से रखने का आश्वासन दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिष भट्टाचार्य ने संगठन को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया तथा संगठन की शक्ति को भी बताया।

### ये हुए शामिल

बालोद जिले के सैकड़ों अभिकर्ता इस राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुए। जिसमे बालोद से हेमलता, अशोक टावरी, रजनी, धर्मेंद्र वर्मा, कोकिला, मांगीलाल जैन, सीमा, दुष्यंत कुमार गर्गवंशी, सुनील ठाकुर, पूजा विनोद, जैन किरण, मनीष काबरा, भारती मौजूद रहे।

